प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा हैचरी हेतु किसानोपयोगी नई तकनीक विकसित

पंतनगर। 08 फरवरी 2022। विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय के ट्रीट प्रक्षेत्र पर कुलपति, डा. तेज प्रताप द्वारा जैविक खेती से उत्पादित उत्पाद का अवलोकन कराया गया।

भ्रमण के दौरान डा. तेज प्रताप ने बताया कि प्रसार शिक्षा निदेशालय के कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों को नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते आ रहे हैं। इसी क्रम में प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा कम लागत में किसानपयोगी हैचरी की नयी तकनीक तैयार की है जिसको अपनाकर किसान खेती में अत्यधिक लाभ अर्जित कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस संरचना को विद्यार्थी स्टार्ट–अप के रूप में अपनाकर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के नये आयाम स्थापित कर सकेंगे। डा. प्रताप ने बताया कि ट्रीट प्रक्षेत्र पर विद्यार्थियों को कुक्कुट पालन, मशरूम एवं जैविक खेती तकनीक से संबंधित जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे आगामी वर्षों में विद्यार्थी इन तकनीकों का उपयोग कृषि शोध कार्यों में कर सकेंगे। निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि हैचरी की नयी तकनीक से कम लागत में कृषक स्वयं अपने प्रक्षेत्र में रोजगार हेतु तैयार कर सकते है। भ्रमण के दौरान निदेशक संचार, डा. एस. के. बंसल के साथ–साथ संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

भ्रमण के दौरान संबंधित विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त करते कुलपति, डा. तेज प्रताप एवं अन्य वैज्ञानिक।